विज्ञप्ति

14 जून 2023, गोरखपुर।

विश्व रक्तदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 14 जून को पुरे विश्व मे एक अभियान के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर पर गोरखनाथ ब्लड बैंक में पॉलीमेड के सहयोग से एक संगोष्ठी और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आज की संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि जयसिंह (औषधि निरीक्षक गोरखपुर) ने अपने संबोधन में कहा की 14 जून, 1868 को वैज्ञानिक कार्ल लैंड स्टाइनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मनाया जाता है । इन्हें रक्तसमूह की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इसलिए आज विश्व रक्तदाता दिवस पर संगोष्ठी और रकदान शिविर का अयोजन गोरखनाथ ब्लड बैंक में किया गया।

उन्होंने बताया कि नियमों तथा मानकों का पालन गोरखनाथ ब्लड बैंक अभूतपूर्व रूप से सम्पादित कर रहा है, यहाँ रक्तसंग्रह अधिक मात्रा मे होता है , इसीलिए न केवल पूर्वांचल अपितु निकट प्रदेश बिहार तथा सीमावर्ती देश नेपाल को भी रक्त की आपूर्ति निरंतर होती रहती है।

चिकित्सालय के निदेशक डॉ ब्रिगेडियर डी. सी. ठाकुर ने बताया की गोरखनाथ ब्लड बैंक अपने स्थापना काल से ही निरंतर प्रगति करते और लोगो की मदद करते हुए आगे आया है । आज गोरखनाथ ब्लड बैंक एक आदर्श ब्लड बैंक के रूप में उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान बनाए हुए है। अन्य ब्लड बैंको को इसी मॉडल को देखते हुए कार्य करने की जरुरत है।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ ममता जयसवाल ने कहा ब्लड बैंक में उपस्थित रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व को बताया।

स्व रक्तदाता जशपाल सिंह जिन्होंने अपने जीवनकाल में अस्सी से अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने अपनी अनुभव साझा करते हुए बताया की गोरखनाथ ब्लड बैंक की व्यवस्था देखते हुए अधिकतर रक्तदान इसी ब्लड बैंक मे किया है।

 एक और स्व रक्तदाता आशीष श्रीवास्तव जो पेशे से एक फाइनेंस एडवाइजर है और लगभग सौ से अधिक बार रक्तदान कर चुके है, उन्होंने लोगो को प्रोत्साहित करते हुए कहा की शरीर मे जितना रक्त की मात्रा है। मात्रा ना ही भविष्य मे बढेगा ना ही अपने बच्चो अन्यथा किसी अन्य को मृत्यु के पश्चात छोड़ कर जा पाएंगे । अतः जीवन काल मे ही इस बहुमूल्य पदार्थ को नियमित दान देकर कई प्राणों की रक्षा करना ही उचित है।

चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह उपस्थित सभी के प्रति और पॉलीमेड कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया जिसके सहयोग से आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज के रक्तदान शिविर में स्वरक्तदाताओं नेरक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से आशीष श्रीवास्तव , अमित आनंद, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ अभिनीत बाजपेई, डॉ. एन. के. जयसवाल, इन्दुबाला राय सहित 40 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का संचालन जगनयन सिंह नीटू जी ने किया

इस दिन को यादगार बनाने के लिए रक्तवीर यशपाल सहित सभी रक्तदाताओ को विश्व रक्तदाता दिवस पर सम्मनित किया गया।

इस कार्यक्रम मे चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं रहे पर उन्होने विश्व रक्तदाता दिवस के

अवसर पर अपना लिखित सन्देश दिया जिसे उपस्थित सौरभ सिंह के द्वारा चिकित्सकगण, कर्मचारीगण व गणमान्य को सुनाया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वरक्तदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अमित मिश्रा, गार्गी गौतम ,सौरभ , बबिता अमित सिंह तथा कौशल का मुख्य योगदान रहा ।